दिन–मंगलवार

दिनांक– 08 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. संशोधित वक्फ कानून आज से पूरे देश में लागू। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना।

02. राज्य सरकार ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति का फैसला किया। स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक बीस हजार बावन पद भरे जायेंगे।

03. मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली इस योजना को मौन क्रांति बताया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में हल्की बारिश की संभावना जताई।

————————————————————

संशोधित वक्फ कानून आज से पूरे देश में लागू हो गया है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि वक्फ संशोधन अधिनियम की धारा– एक की उपधारा–दो की शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार आज से इस अधिनियम के प्रावधान लागू करती है।

————————————————————

राज्य सरकार ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सबसे अधिक बीस हजार बावन पदों पर स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग में दो हजार पांच सौ नब्बे और मद्य निषेध विभाग में अड़तालीस पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा सहायक उर्दू अनुवादक के तीन हजार तीन सौ छह पदों पर भी नियुक्ति की जाएगी। डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने बिहार शिक्षा प्रशासन संवर्ग नियमावली–दो हजार पच्चीस को मंजूरी दी है। इसके तहत स्कूलों के निरीक्षण के लिए सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी और शिक्षा विकास पदाधिकारी के नये पदों का सृजन किया गया है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने राज्य मंत्री और उप मंत्री के वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी की है। अब उन्हें पचास हजार रूपये की जगह पैंसठ हजार रूपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय भत्ता पचपन हजार रूपये से बढ़ाकर सत्तर हजार रूपये और दैनिक भत्ता तीन हजार रूपये से बढ़ाकर तीन हजार पांच सौ रूपये कर दिया गया है।

———बाइट———

एक अन्य फैसले में राज्य मंत्रिमंडल ने पब्लिक हेल्थ और हॉस्पिटल मैनेजमेंट कैडर गठित करने को स्वीकृति दी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया। श्री पांडेय ने कहा कि मंत्रिमंडल ने तीन अलग अलग निदेशालय गठित करने की स्वीकृति भी प्रदान की है, जो लोक स्वास्थ्य निदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के नाम से जाने जायेंगे।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ऐसी गतिशील व्यवस्था बनाने पर ध्यान देना जारी रखेगी, जहां प्रत्येक आकांक्षी उद्यमी को ऋण सुविधा उपलब्ध हो और वह विश्वास के साथ आगे बढ़ सके। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की दसवीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री मोदी ने आज इस योजना के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना ने असंख्य लोगों को अपनी उद्यमिता कौशल दिखाने के अवसर उपलब्ध कराए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना की सत्तर प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।

———बाइट———

सबसे ज्यादा लोन के लिए अप्लाई करने वाली महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा लोन प्राप्त करने वाली महिलाएं हैं और सबसे जल्दी रीपेमेंट करने वाली भी महिलाएं हैं और एक बार पैसा आए तो उसका सदुपयोग करना यह अपने आप में आपके जीवन में भी एक डिसिप्लिन ले आता है। ये जीवन को बनाने का अवसर देता है।

श्री मोदी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना तथा रोजगार मांगने वालों के बजाय रोजगार देने वाले बनने की क्षमता प्रदान करना है।

———बाइट———

रोजगार देने का बहुत बड़ा काम यह इकोनॉमी को जनरेट करता है। उसके कारण प्रोडक्शन तो होता ही होता है, लेकिन जो सामान्य मानव कमाता है तो उसको लगता है तो पहले साल में एक शर्ट लेते थे अब दो ले लेंगे। बच्चों को पढ़ाने से संकोच करते अब चलो पढ़ाएंगे तो ऐसी हर चीज का एक समाज जीवन में बड़ा लाभ होता है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत सूक्ष्म और छोटे उद्यमों को ऋण बिना गारंटी प्रदान किये जाते हैं। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

2015 में शुरू हुई मुदा योजना ने आज 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस योजना के अंतर्गत तीन तरह के ऋण दिए जाते हैं जिसमें 50 हजार रुपए तक का ऋण किशोर के लिए 5 लाख रुपए और तरूण के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण शामिल है। इस योजना ने हाशिए पर पड़े समूह को भी उद्यमिता के जरिए अपनी आजीविका चलाने में सक्षम बनाकर उनमें आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया है। सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से लोन लेकर अपना कारोबार करने वाली सहरसा की लाभार्थी मेघा रानी ने बताया कि योजना से उन्हें अपनी आजीविका चलाने में काफी मदद मिली है।

———बाइट———

———————————————————————————

पटना के जे.पी. गंगा पथ पर भारतीय वायु सेना सूर्य किरण का शौर्य प्रदर्शन करेगी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर तेईस अप्रैल को इस समारोह का आयोजन किया जाएगा। पटना में इस तरह का यह पहला शो हो रहा है।

———बाइट———

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि वे बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। श्री यादव आज पटना में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

तेजस्वी प्रसाद यादव की इस घोषणा पर एनडीए नेताओं ने कहा है कि महागठबंधन में अभी से ही फूट दिखने लगी है। घटक दलों की सहमति के बिना वे खुद को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बता रहे हैं।

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है।

———बाइट———

इधर, चालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने सुपौल जिले के वीरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रीडर मिट्ठु कुमार को तीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रीडर एक केस में पैरवी करने के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

———————————————————————————

सिवान जिले के हरकेशपुर में केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि निरीक्षण करने पहुँची प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों हमला कर दिया। इस टीम में सांसद, जिलाधिकारी, एसडीओ, एसडीपीओ और बीडीओ समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। अंचलाधिकारी के बयान पर आठ नामजद और बारह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————————

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के पटना स्थित आवास पर तैनात हाउस गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। एसडीपीओ अन्नु कुमारी ने बताया कि मृतक जवान के सिर में गोली लगी है। प्रथम दृष्टि में यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

———————————————————————————

प्रदेश में आज से पोषण पखवाड़ा की शुरुआत हुई। यह पखवाड़ा सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, बाल वाटिका और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खाने की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है।

---

वैशाली जिले के महिषौर थाना क्षेत्र के पंसला चौक के पास एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से कार सवार चार महिलाओं की मौत हो गयी। हादसे में तीन अन्य घायल हो गए।

किशनगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने बाल तस्करी के लिए ले जाये जा रहे छह नाबालिगों को मुक्त कराया है। इस सभी बच्चों को अहमदाबाद ले जाया जा रहा था।

अरवल में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय सद्भावना कप बैडमिंटन टूर्नामेंट की शुरूआत हुयी। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इनामुल हक ने किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. संशोधित वक्फ कानून आज से पूरे देश में लागू। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना।

02. राज्य सरकार ने सत्ताईस हजार तीन सौ सत्तर नये पदों पर नियुक्ति का फैसला किया। स्वास्थ्य विभाग में सबसे अधिक बीस हजार बावन पद भरे जायेंगे।

03. मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली इस योजना को मौन क्रांति बताया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया और कटिहार जिले में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।